महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड
महर्षि-सान्दीपनि-राष्ट्रिय-वेदविद्या-प्रतिष्ठान उज्जैन
(शिक्षा मन्त्रालय भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था)
वेद विद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पो. जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)
दूरभाष : (0734) 2502266, 2502254, 2502255
ई-मेल - msrvvpujn@gmail.com **वेब साइट** - www.msrvvp.ac.in

प.सं. 4-1/2022(शै.)/मसारावेविप्र/ दिनांक 30-01-2023

धरना प्रदर्शन सम्मिलित एवं अनुदान रहित छात्रों के हित को ध्यान में रखकर

परीक्षा हेतु अनुमति

प्रतिष्ठान से प्रतिवर्ष आवेदन, निरीक्षण एवं सुचारु संचालित होने के आधार पर अनुदानित (1) कुछ इकाइयों तथा कुछ पाठशालाओं को भारत सरकार के राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का विरोध करते हुए जन्तर मंतर में एवं उज्जैन में धरना प्रदर्शन में भाग लेने के कारण एवं (2) दो- तीन वेदाध्यापकों को वेद स्वाध्याय एवं वेद परायण हेतु प्रतिष्ठान में उपस्थित नहीं होने के कारण अनुदान बंद किया गया है।

सरकारी अनुदान लेते हुए भारत सरकार की शिक्षा नीति 2020 का विरोध कदाचार की श्रेणी में आता है। वेद स्वाध्याय, वेद कण्ठस्थीकरण एवं वेद परायण करने हेतु प्रतिष्ठान में उपस्थित नहीं होने के कारण, योग्यता का निर्धारण नहीं हो पाता है, तथा गुणवत्ता का परीक्षण सही से नहीं हो पाता है। पिछले दो साल से वेद स्वाध्याय, वेद कण्ठस्थीकरण प्रयत्न से कोई न कोई कारण बताकार कई अनुदानित वेद अध्यापक दूर रहे हैं।

एक-दो इकाई एवं एक पाठशालाओं के छात्रों द्वारा प्रतिमाह वेद की परीक्षा का भी विरोध किया था। बाद में लगातार कहने पर भी प्रतिमाह वेद की परीक्षा में वे छात्र उपस्थित नहीं हुए, बल्कि विरोध किये, जन्तर मंतर एवं उज्जैन में धरना प्रदर्शन में भाग लिए। यह सभी विषय होते हुए भी, इन छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह सूचित किया जाता है कि वे छात्र (जिन इकाई एवं पाठशाला का अनुदान स्थगित है वे) **प्रतिष्ठान की बाह्य परीक्षा प्रणाली** के अन्तर्गत परीक्षा शुल्क के साथ दिनांक 20.02.2023 तक आनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं।

सचिव, म. सा. रा. वे. वि. प्र.
एवं म.सा.रा. वेद-संस्कृत-शिक्षा-बोर्ड